रोल नं. | | | | | | | | | |   मुद्रित पृष्ठों की संख्या :

# 2024–25
# अर्थशास्त्र

समयः 3 घण्टे   पूर्णांक : 80

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड 'अ' तथा 'ब' हैं। दोनो खण्डों के सभी 28 प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(ii)** प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**(iii)** प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

**(iv)** प्रश्न संख्या 1 तथा 15 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 4 तथा 16 से 18 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

**(v)** प्रश्न संख्या 5 से 8 तथा 19 से 22 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

**(vi)** प्रश्न संख्या 9 से 11 तथा 23 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 70 शब्दों में दीजिए।

**(vii)** प्रश्न संख्या 12 से 14 तथा 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दिजिए।

**(viii)** प्रश्न संख्या 28 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

**(ix)** इस प्रश्न पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

## 'खण्ड–अ'

1. (क) किसने कहा कि अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है ? 1

(i) मार्शल (ii) रॉबिन्स (iii) एडमस्मिथ (iv) कीन्स

(ख) अर्थशास्त्र की केन्द्रीय समस्या है – 1

(i) क्या उत्पादन हो (ii) कैसे उत्पादन हो

(iii) उत्पादित वस्तु का वितरण कैसे हो (iv) उपर्युक्त सभी

(ग) सीमान्त उपयोगिता का सूत्र है : 1

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

(घ) मॉग का सम्बन्ध होता है – 1

(i) वस्तु की इच्छा (ii) एक निश्चित मूल्य

(iii) साधन व्यय करने की तत्परता (iv) उपर्युक्त सभी

(ड़) निम्नलिखित दोनों कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिये – 1

**अभिकथन (A)** – मानव की आर्थिक क्रियाओं का अध्ययन ही अर्थशास्त्र है।

**कारण (R)** – आर्थिक क्रिया वह क्रिया है, जिसका सम्बन्ध आवश्यकताओं की सन्तुष्टि के लिए सीमित साधनों को उपयोग से है।

(i) A तथा R दोनों सही है, तथा R,A की सही व्याख्या करता है।

(ii) A तथा R दोनों सही है, तथा R,A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) A सही है, परन्तु R गलत है।

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

2. वास्तविक अर्थशास्त्र क्या है ? 1

3. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था को परिभाषित कीजिए। 1

4. कुल उपयोगिता क्या है ? 1

5. केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था क्या है ? स्पष्ट कीजिए। 2

6. एक वस्तु की बाजार माँग को प्रभावित करने वाले तत्वों को बताइए। 2

7. अल्पकाल तथा दीर्घ काल से क्या आशय है ? 2

8. कीमत रेखा किसे कहते हैं ? रेखा चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2

9. अनधिमान वक्रों के लक्षण/ विशेषताओं को रेखाचित्र सहित समझाइये। 3

10. परिवर्ती अनुपात का नियम क्या है ? इसे स्पष्ट कीजिए। 3

11. पूर्णतः बेलोचदार माँग को समझाइये। 3

## अथवा

बजट सेट में बदलाव से आप क्या समझते हैं ?

12. निम्न तालिका में एक फर्म की कुल लागत सारणी दी गई है : 5

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन (इकाइयों में): | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कुल लागत (रु0 में): | 40 | 120 | 170 | 180 | 210 | 260 | 340 | 440 | 550 |

(i) इस फर्म की कुल स्थिर लागत क्या है ?

(ii) फर्म की AFC, AVC, AC तथा MC का परिकलन कीजिए।

13. 'पूर्ति अनुसूची' एवं 'पूर्ति वक्र' से आप क्या समझते हैं ? 5

14. पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत विक्रेता मूल्य स्वीकार करता है, जबकि एकाधिकार के अन्तर्गत विक्रेता मूल्य निर्धारित करता है। व्याख्या कीजिए। 5

## अथवा

एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा में किसी फर्म की मांग वक्र की प्रवणता ऋणात्मक क्यों होती है? व्याख्या कीजिए।

## खण्ड–ब

15\. (क) सामान्य कीमत स्तर एवं रोजगार का अध्ययन किया जाता है – 1

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ii) समष्टि अर्थशास्त्र में

(iii) दोनों में (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) प्रवाह के अन्तर्गत निम्नलिखित में कौन शामिल हैं ? 1

(i) उपभोग (ii) निवेश (iii) आय (iv) उपर्युक्त सभी

(ग) वस्तु–विनिमय प्रणाली की निम्नलिखित में कौन सी कठिनाइयॉ है ? 1

(i) दोहरे संयोग का अभाव (ii) वस्तु विभाजन में कठिनाई

(iii) सर्वमान्य मूल्य मापक का अभाव (iv) उपर्युक्त सभी

(घ) MPC को निम्न में से किसके द्वारा प्रदर्शित किया जाता है : 1

(i) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$ (ii) $\frac{C}{Y}$

(iii) $\frac{S}{Y}$ (iv) $\frac{\Delta S.}{\Delta Y}$

(ङ) निम्नलिखित दोनों कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिये – 1

अभिकथन (A) – उत्पादन प्रक्रिया के अन्तर्गत सृजित आय की संख्या के चक्रीय प्रवाह के रुप में की जा सकती है।

कारण (R) – प्रवाह का न कोई आरम्भ होता है, और न कोई अन्त होता है।

(i) A तथा R दोनों सही है, तथा R,A की सही व्याख्या करता है।

(ii) A तथा R दोनों सही है, तथा R,A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) A सही है, परन्तु R गलत है।

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

16\. समष्टि अर्थशास्त्र क्या है ? 1

17\. बन्द अर्थव्यवस्था क्या है ? 1

18\. भारत के केन्द्रीय बैंक का नाम लिखिए। 1

19\. मुद्रा के प्राथमिक कार्य लिखिए। 2

20\. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) को स्पष्ट कीजिए। 2

21\. व्यापार सन्तुलन तथा अदायगी सन्तुलन में क्या अन्तर है ? 2

22\. एक व्यापारिक बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए। 2

23\. सरकार के एजेण्ट एवं सलाहकार के रुप में केन्द्रीय बैंक की भूमिका को समझाइए। 3

**अथवा**

व्यावसायिक बैंक प्रमुख कार्य लिखिए।

24. स्टॉक और प्रवाह की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। 3

25. सिद्ध कीजिए कि : MPC + MPS = 1 3

26. राष्ट्रीय आय की गणना करने की किन्हीं दो विधियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 5

## अथवा

निम्नलिखित ऑकड़ो द्वारा साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{FC}$) ज्ञात कीजिए।

| | मदें | रु0 करोड़ |
|---|---|---|
| (i) | मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य | 250 |
| (ii) | अप्रत्यक्ष कर | 40 |
| (iii) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 50 |
| (iv) | उत्पाद का मूल्य | 700 |

27. कीन्स के रोजगार सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। 5

28. निम्नलिखित केस अध्ययन को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

व्यापार शेष का सम्बन्ध व्यापार की केवल दृश्य मदों से है। किसी देश के कुल दृश्य निर्यात एवं कुल दृश्य आयात मूल्य में जितना अन्तर होता है, उसे देश का व्यापार शेष कहा जाता है। दृश्य मदों में भौतिक वस्तुएं जैसे– मशीन, कपड़ा, सीमेंट, कम्प्यूटर आदि सम्मिलित हैं। भुगतान शेष व्यापार शेष की तुलना में एक अधिक विस्तृत शब्द है। व्यापार शेष में व्यापार की केवल दृश्य मदें ही शामिल होती हैं। जबकि भुगतान शेष में तीन प्रकार के आर्थिक सौदे/ मदें सम्मिलित होती हैं –

(a) दृश्य मदें (b) अदृश्य मदें (c) पूँजी अन्तरण

(i) किसी देश के कुल दृश्य निर्यात एवं आयात के मूल्य को क्या कहते हैं ? 1

(ii) भुगतान शेष के अर्न्तगत कौन–2 सी मदें सम्मिलित होती हैं ? 1

(iii) दृश्य मदों के अर्न्तगत क्या सम्मिलित किया जाता है ? 1

(iv) व्यापार शेष तथा भुगतान में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2